तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

13 भोजन और साफ-सफाई की बदहाल स्थिति देख जताई नाराजगी



14 पारंपरिक त्योहार हरेली में कृषि औजारों की हुई पूजा, गौवंश को ...





कम्प्यटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें
प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

## खबर संक्षेप

### पचपेड़ी के मनीष का एनआईटी में चयन

**अंवरी।** ग्राम पचपेड़ी निवासी मनीष साहू का एनआईटी में एमसीए (डेटा साइंस) हेतु चयन होने से ग्रामीणों तथा क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। मनीष ने 12वीं की पढ़ाई गणित विषय में की। रूंगटा कॉलेज रायपुर से बीसीए किया। मनीष ने अपनी सफलता का श्रेय दादाजी बीआर साहू रिटायर्ड प्रधान अध्यापक तथा अध्यापकगणों को दिया है। इस उपलबधि पर विजयगिरी गोस्वामी सरपंच, विनय साहू, गैंदलाल साहू, दिनेश सिन्हा, खिलावन साहू, राजेन्द्र साहू, बलदाऊ साहू अधिवक्ता, योगेश साहू शिक्षक ने हर्ष जताया है।

### राजपुर में कबड्डी प्रतियोगिता 27 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों एवं जय मार्या नवयुवक कबड्डी दल के तत्वावधान में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 जुलाई रविवार को आयोजित की गई है। इस स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 20001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 13001रूपये, तृतीय पुरस्कार 6001रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001रूपये है। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार में बेस्ट रेडर, डिफेंडर, ऑल राउंडर को 1000 रूपये व प्रतीक चिन्ह दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 351 रूपये रखा गया है। आयोजन की तैयारी में डोमन यादव, हरिशंकर, तेजेश्वर कंवर, पंकज सिन्हा, रोहित पटेल, खेमसिंग जुटे हुए हैं।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 27 को

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम दरगहन में ग्राम पटेल संघ की बैठक हुई। दरगहन के ग्राम पटेल हेमूराम निषाद ने जानकारी दी कि 27 जुलाई रविवार को दरगहन के साहू भवन में ग्राम पटेल संघ की बैठक रखी गई है जिसमें तहसील पटेल संघ एवं जिला पटेल संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे। श्री निषाद ने बताया कि ग्राम पटेल संघ की बैठक में संघ को मजबूत बनाने पर विचार किया जाएगा। ग्रामीण समाज के हित में कार्य करने एवं नशामुक्ति, बिजली, पानी, सड़क व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। हेमूराम निषाद एवं झनकेश्वर साहू ने ग्राम पटेलों से उपस्थिति की अपील की है।



मामला शहर के एक निजी स्कूल का, एनएसयूआई ने की कार्रवाई की मांग

# प्राचार्य के पुत्रों की दबंगई, स्कूल के छात्र की कर दी जमकर पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक निजी विद्यालय में प्राचार्य के दो बेटों ने मिलकर एक छात्र की बुरी तरह से पिटाई कर दी। इससे छात्र के गाल पर निशान उभर आए हैं। इस मामले में परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं एनएसयूआई ने छात्र के साथ हुई मारपीट पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

मामला दानीटोला स्थित एक प्राइवेट स्कूल का है। कलारतराई निवासी नीरज सोनवानी का बेटा और भतीजा इसी स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ते हैं। स्कूल में ड्रेस के लिए 7 सौ रुपए जमा करना था। बुधवार को दोनों छात्र स्कूल के बाहर इसी पर चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान प्राचार्य के दो पुत्र वहां पर आए, जिसमें से एक बालिग और एक नाबालिग था। दोनों ने नीरज के पुत्र से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। लगातार 25-30 थप्पड़ जड़ दिए। इस मारपीट से छात्र के गाल और पीठ पर निशान पड़ गए हैं और सूजन आ गई है।



मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो वे रिपोर्ट लिखाने के लिए थाना पहुंचे। जानकारी के अनुसार इस मामले में समझौता हो गया था, लेकिन अब परिजन कार्रवाई के मूड में हैं। उधर एनएसयूआई ने भी इस मामले को गंभीरता से लिया है।

एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने मारपीट से आहत छात्र के घर जाकर हालचाल जाना। श्री देवांगन ने बताया कि छात्र अभी भी डरा-सहमा है। परिवार सदमे में है। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि अन्याय के ख़िलाफ़ एनएसयूआई डटकर खड़ी है। यह सिर्फ एक नाबालिग छात्र की बात नहीं है।

इस घटना में स्कूल की भूमिका को लेकर उच्चस्तरीय जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

# खड़े हाइवा से टकराया तेज रफ्तार हाइवा, हेल्पर की मौत, ड्राइवर गंभीर

- हाइवा को गैस कटर से काटकर दोनों को बाहर निकाला गया, पांच घंटे चला रेस्क्यू
- घटना पूजा राइस मिल के पास सिहावा रोड की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बुध-गुरूवार की रात दो हाइवा वाहनों के बीच भयावह हादसे से हेल्पर की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। 5 से 6 घंटे की भारी मशक्कत के बाद ड्राइवर और हेल्पर को हाइवा से बाहर निकाला जा सका। घटनास्थल पर पुलिस, रक्तदान एंबुलेंस की टीम के साथ फायर ब्रिगेड ने मोर्चा संभाला।

घटना रात करीब दो बजे की है। सिहावा रोड स्थित पूजा राइस मिल के पास रेत से भरा ओव्हरलोड हाइवा खड़ा था। राजनांदगांव का एक हाइवा क्रमांक सीजी 08 बीए 3691 राजपुर से रेत भरकर लौट रहा था। हाइवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह अनियंत्रित होकर खड़े वाहन से जा टकराया। इससे खड़े हाइवा के डाला में राजनांदगांव हाइवा का इंजन पूरी तरह से पिचक गया। जिससे ड्राइवर और हेल्पर दबकर फंस गए। घटना की सूचना पर पुलिस तथा रक्तदान एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरु किया। रक्तदान एम्बुलेंस के शिवा प्रधान, डुमन साहू ने बताया कि पहले दोनों हाइवा को अलग अलग करने का प्रयास किया गया। सामने के हाइवा तथा पीछे के हाइवा को अलग-अलग वाहनों से खींचा गया। काम नहीं बनने पर क्रेन को बुलाया गया, लेकिन भारी वाहनों को वह भी अलग नहीं कर पाया। मौके की नजाकत को देखते हुए गैस कटर से काटकर हाइवा में फंसे हेल्पर और ड्राइवर को निकाला गया। 5 से 6 घंटे की भरपूर कोशिश के बाद सुबह 6 बजे ड्राइवर उमेशदास मानिकपुरी 32 वर्ष ग्राम सुखरी डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव को निकाला जा सका। वहीं 7 बजे हेल्पर डुमेश्वर यादव 18 वर्ष पिता शिवकुमार यादव को निकाला गया। इस दौरान हेल्पर युवक की मौत हो गई थी। ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।



### रेस्क्यू में फायर ब्रिगेड की टीम ने की मदद

अग्निशमन विभाग से फायरमेन अरूण यादव, नंदकुमार निषाद, वाहन चालक दिलीप निषाद घटनास्थल पहुंचे। हाइवा के टकराने से डीजल पाइप फट गया था जिससे वहां पर डीजल फैला हुआ था। वे रेस्क्यू के दौरान किसी अनहोनी को देखते हुए अलर्ट के साथ तैनात थे। रेस्क्यू टीम की मदद की। फायर ब्रिगेड को सूचना सुबह 5 बजे मिली।

# सुबह 10 से शाम 5 बजे तक भूखे प्यासे दिया जाता है प्रशिक्षण

- आंबा कार्यकर्ता सहायिका संघ ने समस्या और मांगों की फेहरिस्त कलेक्टर को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने समस्याओं के निराकरण एवं लंबित मांगों का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।

संघ की अध्यक्ष रेवती वत्सल, ईश्वरी, सरला साहू, संगीता नागेश, कृष्णा निर्मलकर, मोहेश्वरी ध्रुव आदि ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। तक तब प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत मानदेय मध्यप्रदेश सरकार की तर्ज पर वृद्धि किया जाए। पर्यवेक्षक भर्ती शीघ्र की जाए एवं आयुसीमा बंधन को हटाते हुए 50 प्रतिशत में पदोन्नत, पोषण टेकर एप में कार्य करने 5 जी मोबाइल, नेट खर्च की राशि बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क समस्याओं का निराकरण तथा कार्य का ज्यादा बोझ कम किया जाए। सेवा अवधि पूर्ण होने पर 10 लाख रूपये एकमुश्त राशि प्रदान की जाए। अन्य मांगों में कहा है कि गंभीर बीमारी में मेडिकल छुट्टी के साथ मानदेय राशि नो वर्क नो पेमेंट को हटाने, अन्य केंद्र का प्रभार वाली कार्यकर्ता, सहायिका को प्रोत्साहन राशि, छग महिलाकोष से कार्यकर्ता व सहायिका को ऋण उपलब्ध कराने, ईंधन की राशि प्रतिमाह देने की मांग की। आगे कहा कि आरटीआई के तहत 3 से 6 वर्षों के बच्चों को प्राईवेट स्कूलों में भर्ती किया जा रहा है जिससे आंगनबाड़ी में बच्चों की संख्या कम होती जा रही है। इस पर ठोस निर्णय लिया जाए। सुपोषण चौपाल तथा मातृवंदना की प्रोत्साहन राशि प्रत्येक माह दी जाए। कार्यकर्ताओं को सुबह 10 से 5 बजे तक भूखा प्यासा प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें खाना व्यवस्था देने की सुविधा तथा सम्मान सुविधा प्रणाली को हटाने की मांग की है।



### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

**धमतरी।** व्यापम व्दारा रविवार 27 जुलाई को धमतरी जिला में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा परीक्षा एक पॉली में प्रातः 11 से 1:15 बजे तक 41 केन्द्रों में आयोजित है जिसमें कुल 10751 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी परीक्षा केन्द्र में लेकर अवश्य आवें अन्यथा परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। परीक्षा के लिए डॉ. विनोद पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। शांति व्यवस्था बनाए रखने पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।

# एल्डरमेन बनने भाजपाइयों की लंबी कतार

- कोर कमेटी ने 16 लोगों की लिस्ट बनाकर प्रदेश कार्यालय को भेजा, फैसला जल्द : शशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरपालिक निगम में भाजपा की नई सरकार बैठने के बाद अब एल्डरमेन की नियुक्ति की जानी है। शहर के 40 वार्डों की तुलना में 8 एल्डरमेन की नियुक्ति करनी है। इस बार पार्टी का नियम जड़ा कड़ा है, इसलिए कई दावेदार मायूस हो सकते है। कई वरिष्ठों को भी एल्डरमेन बनने से चूकना पड़ सकता है।

पता चला है कि एल्डरमेन बनने नए चेहरों के साथ पूर्व पार्षद, पूर्व एल्डरमेन, वरिष्ठ कार्यकर्ता अपनी मजबूती के साथ दावेदारी कर रहे हैं। निगम चुनाव के बाद से ही एल्डरमेन की नियुक्ति को लेकर चर्चा है।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वरिष्ठ नेता शशि पवार का कहना है कि कोर कमेटी को लिस्ट मिलने के बाद एल्डरमेन की नियुक्ति के लिए प्रदेश कार्यालय को भेज दिया गया है। फाइनल लिस्ट प्रदेश स्तर पर तैयार होगी। चूंकि निगम में आठ एल्डरमेन की नियुक्त की जानी है इसलिए 16 लोगों का नाम भेजा गया है। पार्टी नियमानुसार फैसला लेगी।

इधर एल्डरमेन बनने कई वरिष्ठ भाजपाई अपने स्तर पर प्रयास कर रहे हैं। भाजपा हमेशा से ही चौंकाने वाले फैसला लेती है। चाहे वे सीएम का पोस्ट हो या नगरनिगम, नगरपालिक, नगर पंचायत, विधायक का हो। फैसला हमेशा सुरक्षित रहता है। वरिष्ठों को भी इसकी जानकारी नहीं मिलती।



चयन समिति अपनी बात गुप्त रखती है और समय आने पर पन्ना खोलती है। इस बार भी कुछ ऐसा ही होगा। नये चेहरों के समावेश के साथ अनुभवी को भी इस बार स्थान मिल सकता है। 16 नामों की लिस्ट भेजी गई है जिसमें 8 लोगों का नाम फाइनल करना है।

खास बात यह है कि चुनाव के समय टिकिट वितरण में असंतुष्ट को मनाने के लिए दिए गए आश्वासन को भी पूरा करना है। ऐसे में 8 पद के लिए 50-50 का फार्मूला अपनाया जा सकता है। 4 नए चेहरे, 4 अनुभवी को मौका मिल सकता है। फिलहाल पार्टी में अनुशासन है, बगावत की आशंका कम ही दिख रही है। शीर्षस्थ नेताओं का फैसला सर्वमान्य रहेगा।

# नागपंचमी महोत्सव के पूर्व हुई समिति की तैयारी बैठक

- कार्यकर्ताओं ने संभाली अलग अलग विभाग की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गुरुवार को नागपंचमी महोत्सव समिति ने अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी। नागपंचमी महोत्सव की तैयारी को लेकर नागमंदिर में समिति की बैठक आहूत हुई जिसमें पालकी यात्रा का रूट तय किया गया। पालकी यात्रा सोमवार को दोपहर 3 बजे निकलेगी। यह नागदेव मंदिर से देवांगन चौक, शीतला मंदिर, तूफान चौक से लक्ष्मण पहलवान के घर के रास्ते से कांजी हाऊस, नागमंदिर चौक, बाजार चौक बरपारा का भ्रमण कर वापस नाग मंदिर पहुंचेगी।



रात में रतजगा के साथ धार्मिक कार्यक्रम होगा। सुबह 4 बजे से नागदेव का जलाभिषेक, महाआरती के साथ श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का पट खुलेगा। नागपंचमी के दिन मंदिर गर्भगृह में व्यवस्था देखने गैंदूराम साहू, सोमन देवांगन, नारायण देवांगन, प्रेमलाल साहू, संगीता देवांगन, गुंजा देवांगन को जिम्मेदारी सौंपी गई। श्रद्धालुओं के स्वागत अभिवादन के लिए लक्ष्मीनारायण साहू, शांतिलाल देवांगन, गिरधर देवांगन, उगेश बंसोर, लखनलाल साहू को कार्यभार सौंपा गया। कालसर्प दोष निवारण अनुष्ठान में व्यवस्था बनाने यशवंत देवांगन, दिव्या निषाद, देवश्री देवांगन, गिरिजा देवांगन, काव्या निषाद, कुंजी देवांगन, आशाराम साहू को जिम्मेदारी दी गई। मंदिर की सफाई व्यवस्था में उर्मिला साहू, नीरा नेताम तथा प्रसादी वितरण भंडारा व्यवस्था के लिए श्याम देवांगन, अशोक पटेल, प्रशांत मीनपाल, चुरामन पटेल आदि जुटे रहेंगे।

यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी दिलीप देवांगन ने दी है।

# लीज गबन का आरोप निराधार : गोपालकृष्ण

- कार्य अवधि में मत्स्याखेट जारी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गंगरेल जलाशय धमतरी के अनुबंधकर्ता गोपालकृष्ण साहू ने कहा है कि गंगरेल जलाशय में उसका अनुबंध शासन के साथ 10 वर्षों के लिए हुआ है। इसके एवज में सुरक्षा राशि भी शासन के पास जमा है। लीज संबंधित वाद उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार लीज की राशि जमा की जा रही है। कार्य अवधि में किसी प्रकार का मत्स्य कार्य बंद नहीं है। वर्तमान में क्लोज सीजन के कारण नियमानुसार कार्य बंद है।

गोपालकृष्ण साहू ने आगे कहा है कि लीज गबन संबंधित आरोप पूरी तरह निराधार है। समिति के कुछ लोग निजी स्वार्थ के कारण बिना आधार के मिथ्या आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने आरोपों का खंडन किया है। सभी मछुआरों को शासन द्वारा निर्धारित दर से दोगुनी मजदूरी दी जा रही है। इसके अलावा शासन द्वारा बोनस राशि भी दी जा रही है।

धरपकड़ अभियान सुस्त, सूखी जगह की तलाश में सड़क पर आ रहे मवेशी

# शहर की सड़कों पर छाया आवारा मवेशियों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर की सड़कों को मवेशीमुक्त करने का अभियान फेल होता नजर आ रहा है। नगर निगम का अमला जितना मवेशी पकड़ता है, उससे ज्यादा मवेशी सड़क पर घूमते नजर आते हैं। शहर के अतिरिक्त ग्रामीण इलाकों में भी मवेशियों का आतंक छाया हुआ है। सड़कों पर मवेशीराज के चलते दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ गई है, जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस भी बेबस है।

बारिश के मौसम में खुले मैदान, खेत, खलिहान, चारागाह, परिया सहित अन्य स्थानों पर पानी भर गया है। सूखी जगह की तलाश में मवेशी अब सड़कों पर आ गए हैं। हाईवे से लेकर शहर के गली कूचों में इन मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है जिसके चलते सड़क पर चलना दूभर हो गया है। रात में तो खतरा और भी बढ़

शेष पेज 13 पर

**केस 1**

नेशनल हाईवे में बठेना नहर के पास शाम ढलते ही मवेशियों का जमावड़ा लग जाता है। एफसीआई गोदाम के पास बड़ी संख्या में मवेशी बैठे रहते हैं। इसी जगह पर पहले भी कई दुर्घटना हो चुकी है, इसके बाद भी मवेशियों को नहीं हटाया जा रहा है।

**केस 2**

नेशनल हाईवे में ही सेहराडबरी के पास गुरुवार को बड़ी संख्या में मवेशी सड़क पर घूम रहे थे। यहां से गुजरने वाले मवेशियों से बच-बचकर गाड़ी चला रहे थे। यही स्थिति संबलपुर से पहले फोरलेन सड़क पर थी जहां पर बड़ी संख्या में मवेशी विचरण कर रहे थे।

**केस 3**

ग्राम अर्जुनी में अंधा मोड़ के पास रोज मवेशी घूमते रहते हैं। यहां पर कई दुकानें हैं, जहां पर हमेशा लोगों की भीड़ रहती है। खपरी मोड़ के पास भी मवेशी विचरण करते रहते हैं। इसके अतिरिक्त शहर की गलियों और बाजारों में भी मवेशीराज चल रहा है।





### कांजीहाउस खाली

शहर से पकड़े गए मवेशियों को अर्जुनी स्थित गोठान में रखा जाता है। नगर निगम के इस गोठान से अब मवेशी गायब है। इस गोठान में चारा की कमी है। कुछ साल पहले यहां पर चारा के रूप में नेपियर घास लगाई गई थी। अब इसका नामोंनिशान नहीं है। चारा काफी कम होने के कारण मवेशी धरपकड़ अभियान भी सुस्त है। काफी दिनों से नगर निगम द्वारा मवेशियों को पकड़ा भी नहीं गया है। यही कारण है कि शहर में बड़ी संख्या में मवेशी विचरण करते नजर आ रहे हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

खबर संक्षेप

## सरकारी सोसाइटियों में खाद की कमी : सिंधु बैस



**अंवरी।** अंचल में डीएपी व यूरिया खाद की आपूर्ति में कमी के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां सरकारी सोसाइटियों में खाद की रेक अब तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं निजी कृषि केंद्रों व दवा दुकानों में डीएपी व यूरिया का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसान मजबूरीवश 1350 रुपए की सरकारी दर की बजाय 1780 रुपए में निजी दुकानों से खाद खरीदने को विवश हैं। किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष सिन्धु बैस ने कहा कि जिन समितियों में खाद की अधिक मांग है, वहां प्राथमिकता के आधार पर डीएपी और बीज का भंडारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसानों को समय पर वितरण किया जाए। साथ ही डीएपी की कमी की स्थिति में एनपीके व अन्य विकल्पों के उपयोग को लेकर किसानों को जागरूक किया जाए। इसके लिए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को गांवों और समितियों में बैठक लेकर जानकारी देने के निर्देश दिए जाए।

## रोशनी का जवाहर उत्कर्ष विद्यालय में चयन



**मगरलोड।** ग्राम करेली बड़ी एवं समाधान इंग्लिश मीडियम स्कूल की 5वीं की छात्रा रोशनी पिता वीरेंद्र सोनवानी का चयन पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत जवाहर उत्कर्ष विद्यालय कक्षा 6वीं के लिए चयन हुआ हैं। छात्रा ने अनुसूचित जाति वर्ग में पहला रैंक और धमतरी जिला में दूसरा रैंक प्राप्त किया गया हैं। वर्तमान में छात्रा का चयन नवोदय विद्यालय कुरुद 6वीं के लिए भी हुआ हैं। इसके बाद अब जवाहर उत्कर्ष विद्यालय के लिए चयन हो गया। उन्होंने सफलता का श्रेय शिक्षक और परिजन को दिया। भोलेश्वरी ने बताया कि रोशनी शुरू से मेधावी रही। छात्रा की सफलता पर पुष्पा सोनवानी, रहिपाल सोनवानी, हनुमान प्रसाद, हेमलाल सोनवानी, भोलेश्वरी सोनवानी, जितेंद्र पाल, प्रधानपाठक सीएम साहू समेत शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है।

## सांकरा में खराब स्ट्रीट लाइट सुधारी गई

**नगरी।** ग्राम पंचायत सांकरा के हर वार्ड के गली मुहल्लों के बिजली पोल की खराब लाइट को दुरुस्त कर आम जनता को अंधेरे से निजात दिलाई जा रही है। सरपंच ग्राम पंचायत नागेन्द्र बोरझा ने बताया कि बारिश से अधिकांश गली मुहल्लों के बिजली पोल में लगी लाइट खराब हो चुकी है, जिससे लोगों को रात्रि में अंधेरे से गुजरना पड़ता है। खराब लाइट को दुरूस्त किया जा रहा है। अब हर गली-मोहल्ले में रोशनी होगी और लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। गली मुहल्लों की लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करते वार्ड पंच मनोज पटेल, लवकुमार साहू, पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।

## निधन

### उषराम पटेल



**सिर्री।** ग्राम चिंवरी निवासी उषराम पटेल उम्र 90 वर्ष का निधन 20 जुलाई रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में ही किया गया। वे नोमीकुमार, रोहित, नोमीराम पटेल के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में श्रद्धांजलि अर्पित करने उमराव, मदन, भूपेंद्र, संजीव, गजेंद्र, इंद्रमोहन, नोबल, झगेश, नितिन सहित अन्य ग्रामवासियों की भीड़ रही।

### पिंगला देवी साहू



**धमतरी।** ग्राम कोर्रा निवासी पिंगला देवी साहू 80 वर्ष का निधन हो गया। वे कमलनारायण, खूबलाल, साहू की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजन व ग्रामीण शामिल हुए।

### जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी का किया औचक निरीक्षण

# भोजन और साफ-सफाई की बदहाल स्थिति देख जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने नगरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और मरीजों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं में भारी लापरवाही देखने को मिली, जिस पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। निरीक्षण के दौरान मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर और उचित मात्रा में भोजन नहीं दिया जा रहा है। कई मरीजों ने कहा कि उन्हें रोटी के स्थान पर केवल सूखा चावल परोसा गया और दाल भी नहीं मिली। कुछ महिला मरीजों ने बताया कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था इतनी खराब है कि उन्हें अपने वार्ड तक में असुविधा हो रही है।

इस पर अध्यक्ष श्री सार्वा ने कहा कि अस्पताल में भर्ती मरीज पहले से ही शारीरिक और मानसिक पीड़ा में रहते हैं, ऐसे में यदि उन्हें साफ वातावरण और पौष्टिक भोजन नहीं मिलेगा तो यह हमारे पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विफलता है। जब सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए गरीब और जरूरतमंद लोग आते हैं, तो यहां की व्यवस्था सम्मानजनक और संवेदनशील होनी चाहिए। हम किसी भी हालत में इस प्रकार की उपेक्षा को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब सरकार प्रति मरीज के भोजन के लिए निर्धारित राशि देती है, तो फिर मरीजों को अधूरा और अपोषणीय भोजन देना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने तत्काल प्रभाव से भोजन की गुणवत्ता सुधारने और तीनों समय का नियमित मीनू लगाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्री सार्वा ने अस्पताल की 108 एम्बुलेंस सेवा, दवा वितरण प्रणाली, शौचालय की स्थिति और अस्पताल स्टाफ की उपस्थिति का भी गहन मूल्यांकन किया। उन्होंने पाया कि कई जगह स्टाफ समय पर उपस्थित नहीं था और रजिस्टरों का रखरखाव भी अनियमित था। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक और नगर पंचायत के सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल जैसे सार्वजनिक संस्थान में हर एक कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आप लोगों की लापरवाही सीधे मरीजों के जीवन से जुड़ी होती है। यदि अब से किसी भी शिकायत की पुनरावृत्ति हुई तो जिम्मेदार कर्मचारी पर तत्काल निलंबन और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। सभी ने अस्पताल की हालत पर चिंता जताई और अध्यक्ष से इस पर स्थायी समाधान की मांग की।

श्री सार्वा ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आम लोगों की जीवनरेखा हैं। ग्रामीण क्षेत्र में जब कोई व्यक्ति सरकारी अस्पताल तक पहुंचता है तो उसका अंतिम सहारा यही संस्थान होता है। यदि यहां व्यवस्था गड़बड़ है तो वह व्यक्ति पूरी व्यवस्था से निराश हो जाता है। हमें अपनी ज़िम्मेदारी समझनी होगी।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिला समूह को दिए गए भोजन वितरण के टेंडर की दोबारा समीक्षा की जाएगी और यदि कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो टेंडर निरस्त किया जाएगा। अस्पताल में स्वच्छता के लिए एक स्वतंत्र निगरानी समिति बनाने की बात भी कही, जो हर सप्ताह निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वास्थ्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि यह समय एकजुट होकर स्वास्थ्य व्यवस्था को जनहित में सुदृढ़ करने का है, किसी भी प्रकार की शिथिलता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शिक्षा से ही जीवन में बदलाव आता है : अजय





■ विधायक ने अटंग में आंगनबाड़ी केंद्र का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग में नवीन आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने किया। अन्य अतिथि मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, जनपद सभापति सिंधु बैस, जनपद सदस्य उर्वशी बांधेकर, गायत्री चेलक सरपंच थे। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि आंगनबाड़ी में बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान की जाती है जो उनके मानसिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। शिक्षा से ही जीवन में बदलाव आता है। आज कुरूद में बीए, एलएलबी, बीएड, पालीटेक्निक कालेज, बीपीएड रोजगारमूलक कक्षाएं संचालित हैं। बच्चे अपना भविष्य बना सकते हैं। कुरूद में इन विषयों की पढ़ाई से पालकों पर पढ़ाई का अतिरिक्त भार कम हुआ है। इसी क्रम में विधायक ने अटंग के स्व. त्रिवेणी चंद्राकर के परिजनों से भी मुलाकात की। गोबरा में स्व. कुंजबाई के परिजनों से भी मुलाकात की। सिधौरीखुर्द में स्व. कन्हैया यादव के परिजनों से भेंट की।

मौके पर जितेंद्र बांधेकर, खूबलाल साहू, राहुल बांधेकर, रामस्वरूप साहू, पूनाराम साहू, रामजी साहू, कुंदन चंद्राकर, कोमल शुक्ला, निरंजन साहू, मन्नू साहू, दिलीप यादव, हेमराज साहू, रवि श्रीवास, तेजन साहू, मिलन साहू, धनराज यादव, भोपाल चंद्राकर, सतवन साहू, जितेंद्र बांधेकर, राहुल बांधेकर उपस्थित थे।

## तुमाबैगापारा स्कूल के बच्चों ने जाना हरेली पर्व का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)



शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी एवं पीएम श्री शासकीय उन्नयन प्राथमिक शाला आमदी के बच्चों ने हरेली पर्व मनाया। शिक्षक उमेन्द्र ठाकुर ने बताया कि यह पर्व श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है। शिक्षिका सविता छाटा ने बताया कि इस दिन मवेशियों को अंडा पान के साथ जड़ी बूटी खिलाई जाती है जिससे वह मौसम के अनुसार स्वस्थ रहे। प्रधानपाठिका श्रीमती बिंदु ध्रुव ने बताया कि हमें यह पर्व सीख देता है कि पर्यावरण को बचाए रखें। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उसे हम कैसे रोके। उसका सिर्फ एक ही उपाय है अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं। पीएमश्री की प्रधान पाठिका लक्ष्मी कुमार साहू ने बताया कि त्योहार में गेड़ी चढ़ने की जो परंपरा है, वह बच्चों में एक प्रकार से संतुलन बनाए रखने का है। इसे हमारे पूर्वजों ने बनाया है। कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं के बच्चों के साथ सोमदत्त साहू, रोशन यादव, डोमेन्द्र साहू उपस्थित थे।

## सशिमं में हरेली तिहार धूमधाम से मना





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव में हरेली तिहार धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य रोहित पटेल द्वारा औजारों की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने हरेली तिहार के बारे बच्चों को बताया कि यह तिहार सबसे पहले मनाया जाता है। यह हरियाली का प्रतीक है। किसान अपने गोधन और कृषि यंत्रों की पूजा करते हैं। इस दौरान स्कूल में फुगड़ी, गेड़ी दौड़, मेढक दौड़ ,चम्मच दौड़, चुंगड़ी दौड़ प्रतियोगिता हुई। फुगड़ी में सुहानी प्रथम, देविका द्वितीय बाल वर्ग में दामिनी प्रथम ,प्रतिज्ञा द्वितीय रही। बालक वर्ग में फुगड़ी में दिव्यांश प्रथम, लोकेन्द्र द्वितीय, गेड़ी दौड़ में लोकेंद्र प्रथम, तानिश द्वितीय, मेंढक दौड़ में हार्दिक साहू प्रथम, दिव्यांशु द्वितीय, चम्मच दौड़ में यशोदा प्रथम, डिंपल द्वितीय रही। मौके पर डिगेश्वर पटेल, हेमा साहू, बिन्दु साहू, इंदिरा साहू, फलिता साहू, तनु साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## आजाद का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू ने उनके अदम्य साहस व बलिदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। विधायक ओंकार साहू ने उनके वीरतापूर्ण जीवन और देशभक्ति की भावना को स्मरण करते हुए कहा कि आजाद का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में जिस निडरता और दृढ़ता से भाग लिया, वह आज भी प्रासंगिक है। विधायक ने आगे कहा कि उन्होंने नारा दिया दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे, आजाद ही रहे हैं, आजाद ही रहेंगे।

## बाबा बैद्यनाथ का दर्शन कर लौटे शिवभक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



सावन माह में अंचल के शिवभक्त बाबा बैद्यनाथ का दर्शन कर वापस लौटे। वहां जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि की कामना की। करेली बड़ी समेत अन्य गांवों के शिव भक्तों ने बाबाधाम में जल अभिषेक कर गांव और स्वयं के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।

शिवभक्त डोमार सिंह साहू, संजय राव, पिंकी राव, उषा साहू, लता साहू, मेनका सारथी, तारेंद्र साहू, प्रदीप साहू, कामिन साहू, रम्भा साहू, धनी, हरीश, बसन्त साहू, जगदीश साहू, घनश्याम साहू, डायमंड, दीपक, भीष्मा, ऋतु, कुंजबिहारी, मोतीराम, गीतांजलि ने बताया कि रायपुर से जस्सीडीह और सुल्तानगंज गंगा नदी से जल लेकर 110 किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बैद्यनाथ में जल अभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद वासुकीनाथ में पहुंचकर जल अभिषेक किया। यहां से दर्शन कर अपने गंतव्य स्थान में पहुंचे।

## लुगे में हरेली पर्व पर 200 पौधे रोपे गए

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ का प्रथम त्योहार हरेली व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम लुगे में ग्रामीण विकास समिति और भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग 200 पौधे रोपे गए। मौके पर चेतन साहू, चोखेराम, निरंजन साहू, तामेश्वर विश्वकर्मा, लीलाधर, पावन साहू, नेमसिंह यादव, तरेंद्र साहू, रूपराम, दुलेश, द्वारिका, नूतन, पवन रोशन सहित अनेक युवा मौजूद रहे।



## गेड़ी दौड़ में बच्चों ने लिया हिस्सा

**बगदेही(धमतरी)।** कोर्रा में छत्तीसगढ़ का पहला तिहार हरेली धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने गेड़ी की सवारी कर आनंद उठाया। मैदान में गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें सौरभ, चंदू, आशीष, मोक्ष, शुभम, यश ने हिस्सा लिया।



### चिटौद के स्कूलों, आंगनबाड़ी एवं गोठान में रोपे गए पौधे

## वृक्ष के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते : गुरूपारख

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)



एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम चिटौद में शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र, गोठान सहित अन्य जगहों पर पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूली छात्र-छात्रओं एवं शिक्षकों द्वारा पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर सरपंच तीरथ यादव ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्ष बहुत आवश्यक है। पेड़ पौधों से ही हमें आक्सीजन मिलता है। वृक्ष धरती का श्रृंगार है जो पृथ्वी एवं पर्यावरण को सरंक्षित रखता है। वृक्षों से ही हमें अनेक प्रकार की औषधि व फल, फूल मिलता है। माध्यमिक शाला के प्रपा गुरू पारख ने कहा कि केवल पौधरोपण करना ही हमारा उद्देश्य नहीं बल्कि पौधों की नियमित देखभाल करना और पौधों को छोटे से बड़ा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वृक्ष के बिना हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। शिक्षक ईश्वरी सिन्हा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी लोगों से पौधे लगाने की अपील की। शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने पीपल, आम, नींबू, अशोक, कटहल जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधा का रोपण किया। वहीं पेड़ों की सुरक्षा एवं देखभाल के लिए स्कूल में वृक्षमित्र बच्चों की टोली बनाई गई है।

इस अवसर पर उपसरपंच रमेश नेताम, सचिव मनोज साहू, ग्राम विस्तार अधिकारी छाया कश्यप, केशव निर्मलकर, पंच भुनेश्वर निषाद, प्रदुमन यादव, भीषम कोर्राम, प्राथमिक शाला चिटौद की संस्था प्रमुख मोहिनी चंद्राकर, रूक्मणि गजेन्द्र, केएल ठाकुर, एस. उईके, आर. साहू, निशा बघेल, सूचि साहू, लिकेश्वरी मारकण्डे, लोकेश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## हरेली कृषि से जुड़ा प्रमुख लोक पर्व है : कुंजाम



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

■ बिरगुड़ी में हरेली महोत्सव मनाया गया

युवा प्रभाग हल्बा समाज बिरगुड़ी द्वारा छग के पहले लोकपर्व हरेली तिहार के अवसर पर हरेली महोत्सव शक्ति भवन बिरगुड़ी में मनाया गया जिसमें पारंपरिक खेल कबड्डी, रस्साकसी, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा और तीज त्योहार आत्मा है। हरेली कृषि से जुड़ा प्रमुख लोक पर्व है। सामाजिक समरसता का त्योहार है। इस तरह का आयोजन आनंद के साथ एकता प्रदर्शित करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता हुमन बिसेन अध्यक्ष हल्बा समाज ने की।

मौके पर सिरधन सोम जनपद सदस्य, अमृत नाग सरपंच, अकबर कश्यप उपसरपंच, नरेंद्र कश्यप, मनोज कश्यप, राजेश कश्यप, रविन्द्र गौर, भोजराज नाग, हेमिनबाई बिसेन, सत्यवान समुंद, बुधेश नायक, गोवर्धन नाग, शुभम गौर, खेमराज कश्यप, विकास शांडिल्य, शीतल भंडारी, चूड़ामणि सोम उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी, कोचिया पकड़ाया

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम नयापारा कराठी में उमेश यादव अपने घर सामने कुछ लोगों को शराब पीने के लिए संसाधन मुहैया उपलब्ध कराते हुए लोगों को शराब पिला रहा है कि जानकारी पुलिस को मुखबिर से मिला था। मिली जानकारी कि तस्दीक कर 23 जुलाई को दोपहर 1 बजें ग्राम नयापारा कराठी में दबिश दिया। शराब पीने वाले व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर इधर उधर भाग गए। मौके से नयापारा कराठी निवासी 32 वर्षीय उमेश यादव पिता भुनेश्वर यादव को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से एक सफेद रंग की 2 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बॉटल में भरी हुई देशी महुआ शराब लगभग 90 एमएल कीमती करीबन 50 रूपये एवं 2 नग प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### राजा तालाब के आसपास किया गया पौधारोपण

**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत के द्वारा राजा तालाब के पास एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा हम सभी को अपने जीवन में हर साल वृक्षारोपण करना चाहिए। इस रोपित पौधों को पेड़ बनते तक लगातार संरक्षित भी करना है। इस मौके पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, सचिन दुबे, मिलन साहू, सीएमओ इंद्रलाल पटेल व अन्य नगर पंचायत के स्वच्छता दीदी व सफाई कर्मी उपस्थित रहें।

### ग्राम सिरसिदा में किया गया वृहद पौधारोपण

**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत सिरसिदा अंतर्गत संचालित आदिवासी बालक आश्रम, संयुक्त शाला पूर्व माध्यमिक व प्राथमिक पाठ शाला, शीतला पारा प्राथमिक पाठ शाला एवं क्रमांक 01 से 03 तक तीनों आंगनबाड़ियों में, स्कूल परिसर एवं रोड किनारे व्यापक रूप से वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ ग्राम पंचायत के सरपंच कैलाश कोवाची, उपसरपंच दशरथ पोया, कन्हैया सिंह ठाकुर, यादों राम साहू, चेतन मंडावी, सरिता देवा, कृपा सेवता, प्रमिला संगीया कविता सेवता, अमृता मंडावी, बालक आश्रम अधीक्षक अनिल नेताम, प्रधान पाठिका हेमीन पिस्दा, पीमन सिन्हा, महेंद्र सिंह ठाकुर, देव लाल ठाकुर, चारों प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाए समस्त स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन दीदी व ग्राम वासी उपस्थित रहें।

### करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** नरहरपुर थाना के हल्बा चौकी अंतर्गत ग्राम डोडकावाही निवासी 25 वर्षीय खिलावन नागवंशी का करंट की चपेट में आने से 9 जुलाई को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को बिजली करंट के संपर्क में आने से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सड़कों पर छाया मवेशियों का आतंक

जाता है। मवेशी डिवाइड के पास ही बैठ जाते हैं। कार या अन्य वाहन की लाइट में कई बार ये मवेशी नजर नहीं आते हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। कुछ संस्थानों ने मवेशियों को रिफ्लेक्टर पट्टी पहनाई है, इसके बाद भी बड़ी संख्या में मवेशी हैं, जिनके गले में ये पट्टी नहीं है। सड़कों से मवेशियों को हटाने पर ये आसपास के कालोनियों में अपना डेरा जमाकर बैठ जाते हैं। उनके द्वारा फैलाई गई गंदगी से कालोनी के लोग परेशान रहते हैं। आवारा मवेशियों से सिर्फ राहगीर ही नहीं बल्कि किसान भी काफी परेशान हैं। रोका छेका अभियान फ्लाप होने के कारण मवेशी किसानों को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मवेशियों से फसल को बचाना किसानों के लिए एक चुनौती बन गई है।

### मवेशियों को खिलाई जड़ी बूटी, बच्चों ने गेड़ी का लिया मजा

# हरेली पर किसानों ने की कृषि यंत्रों की पूजा-अर्चना







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली छत्तीसगढ़ में मनाया जाता है। सावन माह की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पर्व विशेष धार्मिक, सांस्कृतिक और कृषि में महत्व रखता है। जब खेत खलिहान हरियाली की चादर ओढ़ लेता है और खेतों में धान की बुआई लगभग पूरी हो जाती है

हरेली शब्द ही हरियाली और समृद्धि का प्रतीक है। यह पर्व छत्तीसगढ़ी कृषकों के लिए चार प्रमुख अमावस्यों में से सबसे पवित्र माना जाता है। सिहावा अंचल के ग्राम उमरगांव के किसान इस दिन अपने कृषि यंत्रों जैसे नागर, कुदाली, टंगिया, फावड़ा, बसुला एवं अपने मवेशियों को धोकर उन पर चंदन, हल्दी और हाथों की छाप लगाकर धूप-दीप दिखाकर पूजा की और प्रसाद स्वरूप चीला-रोटी का भोग लगाकर धरती माता एवं कृषि देवताओं का आह्वान किया। किसान सुबह से ही भेलवा और नीम की शाखा और दूध, धूप का होम देकर लेकर अपने खेतों में जाकर पूजा पाठ किया।

उमरगांव के किसान घुरऊराम शेष, कैलाश पुजारी ने बताया कि यह त्योहार छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है जो हमारे कृषि परंपरा पर आधारित है। इस दिन कृषि कार्यों को पूरी तरह से बंद रखकर सुबह से ही खेतों में पहुंचकर नीम अथवा भेलवा की शाख को खेत में गड़ाकर उसे पानी, दूध से आचमन कर धूप इत्यादि होम डालकर पूजन अर्चना करते हैं।

कृषि औजारों को खेतों से घर लाकर साफ सफाई कर पूजा अर्चना करते हैं साथ ही प्रसाद स्वरूप चीला रोटी का भोग चढ़ाकर फसल की सुरक्षा और अच्छी फसल की कामना करते हैं।

आगे बताया कि इस दिन गांव के मवेशी चराने वाले यादव बंधुओं द्वारा गौठान में जंगली जड़ी बूटियों का वितरण किया जाता है। इन जड़ी बूटियों को मनुष्यों के अलावा मवेशियों को भी खिलाया जाता है जो विभिन्न रोग दोष को दूर करने के लिए सहायक होता है। इस पर्व में परंपरागत कार्य करने वाले जैसे राऊत, लोहार, केंवट, नाई लोग भी अपने-अपने ठाकुरों के घर जाकर उनसे मेल मुलाकात कर भेंटस्वरूप चांवल, दाल एवं राशि प्राप्त करते हैं।

इस पर्व में गेड़ी का विशेष महत्व है। गेड़ी लकड़ी से निर्मित होती है जिस पर बच्चे और युवा चढ़कर गलियों का भ्रमण करते हैं। इस दिन छत्तीसगढ़ के कई स्थानों पर गेड़ी दौड़ का आयोजन भी होता है।

हरेली पर्व में गांवों एक और मान्यता प्रचलित है। हरेली अमावस्या की पूर्व रात्रि जो लोग तंत्र साधना में लगे रहते हैं। वे इस रात्रि में प्रयोग कर सिद्धि प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। हालांकि इस संबंध में कोई प्रामाणिक तथ्य मौजूद नहीं है फिर भी ग्रामीण लोग भूत, प्रेत तंत्र साधना से बचने के लिए अपने घर की दीवारों पर गोबर से मानव आकृति उकेरते हैं साथ ही पूर्व रात्रि में अपने घरों के दरवाजों पर मड़िया (रागी) इत्यादि छिड़ककर रखते हैं ताकि बुरी शक्ति घर पर प्रवेश न कर सके। यह मान्यता आज के समय में विलुप्ति की कगार पर है।

## सुबन तालाबपार में महापौर ने किया प्रधानमंत्री आवास स्थल का निरीक्षण

**धमतरी।** नगर निगम महापौर रामू रोहरा गुरुवार को साल्हेवारपारा वार्ड स्थित सुबन तालाब पार क्षेत्र पहुंचे, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संभावित भूमि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर महंत घासीदास वार्ड के पार्षद हेमंत बंजारे भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्री रोहरा ने कहा कि हर व्यक्ति को अच्छा मकान, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध पेयजल मिलना उसका अधिकार है। हमारी कोशिश है कि कोई भी परिवार बिना छत के न रहे। इस योजना से जुड़कर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां के पात्र परिवारों को पक्का घर मिले। महापौर ने बस्ती में घूमकर स्वयं जमीन का अवलोकन किया और आवास योजना की संभावनाओं पर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने आश्वस्त किया कि पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के



आधार पर योजना से जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर प्यारेलाल प्रधान, मुकेश नागेश, ऋतिक मधु, जितेन्द्र संत, संतोष जामवंत, चरण बिरझू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

## मुक्तिधाम में पौधे रोपकर सुरक्षा का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

हरियाली तिहार के अवसर पर स्व. श्रीमती लछवंतीन पाल, स्व. पुरूषोत्तम साहू, स्व. डॉ. उदय आनंद ध्रुव की स्मृति में अंवरी के युवाओं द्वारा ग्राम के मुक्तिधाम परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न पौधे लगाए और उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस सराहनीय पहल में डॉ. केबी पाल, घनाराम पाल, खिलेश साहू, डेमनलाल साहू, नोकेलाल यादव, शिवकुमार साहू, खेमराज यादव, सुमानसिंह, मानसिंह यादव, सुरेंद्र ध्रुव, मोनू पाल, तन्मय पाल, सोनू पाल, करण पाल एवं देवा यादव शामिल हुए। सभी ने यह संकल्प लिया कि पौधों की देखरेख कर उन्हें पूर्ण रूप से विकसित किया जाएगा, ताकि पर्यावरण की रक्षा और गांव को हरित बनाने की दिशा में यह कदम सफल हो सके।

## साहू समाज ने मनाया हरेली त्योहार



- कर्मा माता चौक गोकुलपुर में कृषि उपकरणों की हुई पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला साहू संघ धमतरी, शहर तहसील धमतरी, परिक्षेत्र एवं वार्ड साहू समाज गोकुलपुर के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ का पहले पारंपरिक त्योहार हरेली कर्मा माता चौक गोकुलपुर में मनाया गया। कृषि उपकरणों का विधि-विधान से पूजा-पाठ कर गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन पर छत्तीसगढ़ी व्यंजन गुलगुल भजिया, अइरसा, ठेठरी-खुरमी, शक्करपारा का प्रसादी वितरण किया गया।

जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने बताया कि हरेली पर्व अन्नदाताओं की कड़ी मेहनत को समर्पित हमारे छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक त्योहार है, जिसमें किसान अपने कृषि उपकरणों, पशुधन एवं धरती माता की पूजा कर अच्छी फसल की कामना के साथ उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है। मौके पर जिला संघ धमतरी के उपाध्यक्ष तोरणलाल साहू, केकती साहू, महासचिव यशवंत कुमार साहू, तहसील अध्यक्ष रोहित कुमार साहू, उपाध्यक्ष विजयगौतम साहू, चंद्रभागा साहू, सचिव डॉ. रामकुमार साहू, लीलाराम साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेश साहू, विजय साहू, संगठन सचिव गोपीकिशन साहू, डॉ. ललित साहू, वीरेंद्र साहू, उपेंद्र साहू, डॉ. भूपेंद्र साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष नारायण साहू, राजेंद्र साहू, मदन साहू, ललित चौधरी, रुपेंद्र गंजीर, जय साहू, असमत साहू, रमशीला साहू, चंद्रिका साहू, जानकी साहू ,मंजूषा साहू, गणेश प्रसाद साहू, गजानंद साहू, भूमिका साहू, रोशन साहू, देवेंद्र साहू, उमाशंकर साहू, कृष्णाराम साहू, जीवन साहू, धरम साहू, डोमार साहू, रामेश्वर गंगबेर समेत बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से सड़क मरम्मत कार्य के लिए 34.90 लाख रुपये स्वीकृत

- इससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरुद विधायक अजय चन्द्राकर के प्रयास से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत छग ग्रामीण सड़क विकास योजना के तहत कुरुद विकासखंड के कुल 7 मार्गों के लिए अलग-अलग मरम्मत कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लागत 34.90 लाख रुपये है। यह स्वीकृति छग ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर द्वारा जारी की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण सड़कों कह विशेष मरम्मत (पेंच रिपेयर) कार्यों के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। ग्राम भेंडरा खार सड़क 2 किमी हेतु 6.28 लाख रुपये, सौरबांधा से अमलीडीह पुलिया तक 3.14 किमी. हेतु 2.66 लाख रुपये, भाठागांव से अटंग पहुंच मार्ग 3.10 किमी हेतु 5.64 लाख रुपये, कुरुद स्टेशन से कन्हारपुरी भुसरेंगा तक 2.10 किमी तक के लिए 6.09 लाख रुपये, मेंडरका से परसवानी पहुंच मार्ग 2.14 किमी के लिए 3.95 लाख रुपये, थुहा से जोरातराई पहुंच मार्ग 5 किमी के लिए 5.31 लाख रुपये, भैंसबोड़ खार से मड़ेली पहुंच मार्ग 3.53 किमी हेतु 4.97 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है। यह स्वीकृति कुरूद क्षेत्र के उन



ग्रामीण मार्गों के लिए है, जो वर्षों से जर्जर हालत में हैं और स्थानीय जनता लंबे समय से इनके सुधार की मांग कर रही थी। क्षेत्रवासियों ने इन स्वीकृत विकास कार्यों के लिए विधायक श्री चंद्राकर के प्रति आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और ग्रामीण जीवन स्तर में बड़ा सुधार आएगा। कुरूद विकासखंड की यह पहल न केवल सड़क संरचना को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय संपर्क, कृषि, व्यापार और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को भी मजबूती देगी। आने वाले समय में यह ग्रामीण विकास की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

## अब उपभोक्ताओं को त्वरित और सुलभ न्याय मिलेगा, समय की भी बचत होगी

**धमतरी।** जिला उपभोक्ता आयोग धमतरी में ई-हियरिंग की सुविधा का शुभारंभ न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया अध्यक्ष छग राज्य उपभोक्ता आयोग ने वर्चुअल किया। यह अवसर छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण रहा, क्योंकि छग जिला उपभोक्ता आयोग के स्तर पर ई-हियरिंग प्रारंभ करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर स्थित राज्य उपभोक्ता आयोग से ऑनलाइन किया गया, जिससे धमतरी जिला उपभोक्ता आयोग अब देशभर के उपभोक्ताओं एवं अधिवक्ताओं से तकनीकी माध्यमों से सीधे जुड़ सका है। इस पहल से उपभोक्ताओं को त्वरित और सुलभ न्याय मिलेगा, साथ ही समय एवं संसाधनों की बचत भी होगी। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने कहा कि यह सुविधा राज्य में न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और डिजिटल उन्नत बनाएगी। कार्यक्रम के दौरान राजकुमारी पटेल विरुद्ध आईडीएफसी फर्स्ट बैंक एवं अन्य तथा ओम नवकार ट्रेडर्स विरुद्ध ओला इलेक्ट्रानिक टेक्नोलॉजी प्रालि एवं अन्य में ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई की गई।

### मड़ेली के 298 परिवारों की बाड़ियों में लगेंगे सिंदूर के पौधे

# सिंदूर की खेती से बढ़ेगी ग्रामीणों की आय

- औषधीय पौध बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राव ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के ग्राम मड़ेली में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पौध बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस राव ने गांव पहुंचकर औषधीय पौधों के संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थानीय स्व-सहायता समूह की दीदियों एवं किसानों के साथ हर्बल खेती को लेकर चर्चा की।

इस दौरान श्री राव ने मड़ेली में हर्बल गार्डन की स्थापना हेतु संभावित स्थल का भी निरीक्षण



किया और सिंदूर पौधे की खेती को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने जानकारी दी कि एक सिंदूर पौधे से औसतन 1 किलो उपज प्राप्त होती है, जिसकी बाजार में कीमत 500 रूपये प्रति किलो है। यदि कोई परिवार 50 पौधे लगाता है, तो उसे लगभग 25 हजार रूपये तक की अतिरिक्त वार्षिक आय हो सकती है। ग्राम मड़ेली के 298 परिवारों की बाड़ियों में सिंदूर पौधे लगाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। स्व सहायता समूह की दीदियों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। श्री राव ने इसके साथ-साथ सिंगपुर क्षेत्र के बूटीगढ़ का भी दौरा किया, जहां 5 एकड़ भूमि पर 50 हजार औषधीय पौधे लगाए जाने की योजना है। यह कदम पारंपरिक औषधीय खेती को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारीगण, जनपद पंचायत मगरलोड के सीईओ, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत मड़ेली की स्व सहायता समूह की सदस्याएं और किसान उपस्थित थे।

## हरेली पर्व पर सेनचुवा में हुआ पौधारोपण



**डांडेसरा।** हरेली त्योहार के अवसर पर ग्राम सेनचुवा के ग्रामीणों द्वारा बिगड़ते पर्यावरण को नियंत्रण करने के उद्देश्य से लोगों में जन-जागरूकता लाने हेतु वृहद पौधरोपण किया गया। सरपंच जितेन्द्र साहू स्वयं इस कार्य में हाथ बंटाते हुए ग्रामीणजनों को पौधरोपण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस कार्य में पवन यादव, रूपन साहू शिक्षक, सोमनाथ साहू, विक्रम साहू, सोनू पटेल, सोमनाथ तारक, प्रीतम यादव ने सहयोग किया। पौधरोपण का यह कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को बरसात भर चलता रहेगा। पौधे की व्यवस्था टोकेश्वर नेताम की निजी नर्सरी से निःशुल्क की गई। श्री नेताम ने बताया कि उनके यहां पिछले दस वर्षों से घर में पौधों की नर्सरी तैयार करके निःशुल्क पौधों का वितरण करते है।

## नवकार महिला मंडल ने जरुरतमंद छात्रों की फीस भरी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

श्री नवकार महिला मण्डल ने समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक के दो जरूरतमंद विद्यार्थियों की वार्षिक फीस राशि 11,200 विद्यालय प्राचार्य को सौंपी। मण्डल की सदस्या श्रीमती संतोष मिनी ने बताया कि नवकार महिला मण्डल निरंतर समाज सेवा में संलग्न हैं। मण्डल द्वारा निर्धन कन्याओं के विवाह, स्कूलों में कॉपियां, जूते, टाई-बेल्ट आदि वितरित किए जाते हैं तथा समय-समय पर जरूरतमंदों को हरसंभव सहायता प्रदान की जाती है। शिक्षा के क्षेत्र में यह सहयोग निश्चित ही प्रेरणादायक है।

## दंतेश्वरी हाईस्कूल में मनाई गई हरेली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मां दंतेश्वरी हाईस्कूल रत्नाबांधा धमतरी में हरेली का त्योहार मनाया गया। प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी रावटे ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती पर जब सावन की पहली अमावस्या दस्तक देती है तो प्रकृति के हर कोने में हरियाली की गूंज सुनाई देने लगती है।

हरेली तिहार न केवल कृषि जीवन का उत्साह है बल्कि छत्तीसगढ़ की गहराई से जुड़ी संस्कृति परंपरा और लोक चेतना की झलक भी है। इस दिन सभी लोग खेती किसानी से जुड़े औजारों की पूजा करते हैं। महिलाएं गौरी-गौरा की पूजा पारंपरिक गीतों और पकवानों के साथ करती हैं।

इस अवसर पर बच्चों के लिए गेंड़ी, खो-खो, कबड्डी, कुर्सी दौड़, फुगड़ी खेल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिका लीला साहू, मोहन साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, प्रियंका यादव, दुर्गा देवांगन, सोनाली रजक, छाया तिवारी, फाल्गुनी ढीमर, काजल यादव, भूखीन ध्रुव सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भटगांव में छायादार, फलदार पौधे रोपे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम भटगांव में हरेली त्योहार के अवसर पर शांतिघाट में छायादार, फलदार, फूलदार पौधों का रोपण किया गया। मौके पर सरपंच, उपसरपंच समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने दिशा-निर्देश जारी

**कुरूद।** छग व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 के लिए केन्द्र क्र. 15033 संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा का समय 11 बजे से 1:15 बजे तक है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 10:30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा केन्द्र से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

### पूर्व मंडी अध्यक्ष गुरूर कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी बनाए गए

**सांकरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की



सहमति से सकलेन कामदार महामंत्री पीसीसी ने ब्लाक कांग्रेस कमेटियों में संगठनात्मक मजबूती के लिये मंडल एवं सेक्टर कमेटियों का पुनर्गठन करने प्रदेश के सभी ब्लाक में ब्लाक प्रभारी नियुक्त किया है। पूर्व मंडी अध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी राजेंद्र सोनी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर का ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया है। ब्लॉक प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि सेक्टर कमेटी के लिये गठित ज़िला प्रभारी व ज़िला संगठन प्रभारी सहित जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष से समन्वय बनाकर मण्डल कमेटी गठन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करेंगे। ब्लॉक प्रभारी अपने प्रभार ब्लॉक की ब्लॉक कार्यकारिणी सहित ब्लॉक अध्यक्ष की बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से 21 सदस्य की मंडल कमेटी का गठन करेंगे। गठन प्रक्रिया में विधायक, पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों से समन्वय बनायेंगे। 31 जुलाई तक गठन प्रक्रिया पूरी करके सूची जिला से पीसीसी भेजने का निर्देश दिया गया है।

### सशक्त समाज के निर्माण में रासेयो की अहम भूमिका

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य रवींद्र कोसरे के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई में नवीन पंजीकृत स्वयंसेवकों के अभिमुखीकरण के लिए कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम अधिकारी मिथिलेश सिन्हा ने स्वयंसेवकों को रासेयो की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस इकाई के संचालन में स्वयंसेवकों से सहभागिता की अपील की। रासेयो इकाई से जुड़कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की बात कही।

खेतों व घरों के प्रवेश द्वार पर बैगा ने नीम की टहनी लगाई, बच्चों ने गेड़ी का लुत्फ लिया

# पारंपरिक त्योहार हरेली में कृषि औजारों की हुई पूजा, गौवंश को जड़ी बूटी खिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार हरेली गांवों में पारंपरिक ढंग से मनाया गया। यह त्योहार खेतों में बुआई के बाद मनाया जाता है। किसानों ने इस दिन पशुधन और कृषि औजारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के साथ उनकी पूजा की। कृषि उपकरण हल, कुदाली, फावड़ा, टांगी आदि की साफ-सफाई के बाद विधि- विधान से पूजा हुई। गौवंश को सालभर स्वस्थ रखने जंगली जड़ी बूटी खिलाई गई। माथे पर टीका लगाकर आरती उतारी गई।

कृषक हेमंत साहू, ज्ञानूराम साहू, उल्लास कुमार, जगदीश मरकाम, रमेश ओझा, तिलक सोनकर आदि का कहना है कि यह त्योहार जमीन से जुड़े होने का प्रतीक है। मूल रूप से प्रकृति की पूजा है। हरियाली के स्वागत का पर्व है। कृषि से जुड़े जमीन, जल, जंगल, पशु, औजारों के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है। ग्रामीण अंचल में लोग सामूहिक रूप से यह त्योहार हर्षोल्लास से मनाते हैं। सुबह से ही कामकाज बंद करके कृषि औजारों की सफाई की और गौवंश को नहला-धुलाकर उसकी विधिविधान से पूजा की गई। घरों में छत्तीसगढ़ी पकवान चीला, ठेठरी, खुरमी, सोहारी, बड़ा, अइरसा बनाया गया। इस दिन गेड़ी चढ़ने की परंपरा है। कहीं-कहीं गेड़ी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

हरेली त्योहार पर गांव के बैगा, ओझा, सियान द्वारा विशेष पूजा का अनुष्ठान किया जाता है ताकि गांव और फसल सुरक्षित रहे। बैगा बलदेव ध्रुव, संतुराम निषाद ने बताया कि खेतों में फसलों की रक्षा के लिए नीम की टहनी और भेलवा पेड़ की शाखाएं रखी जाती हैं। घरों के प्रवेश द्वार पर नीम की टहनी लगाने की परंपरा है ताकि लोगों को अनिष्ट से रक्षा मिले। बैगाओं का कहना है कि गौवंश को बीमारियों से बचाव के लिए गेंहू के आटे में दशमूल और बागगोंदली जड़ी बूटी मिलाकर खिलाया गया।

## चाइल्ड पंचायत कमेटी के मनीष प्रेसिडेंट बने



**मगरलोड।** समाधान एकेडमी अंग्रेजी माध्यम स्कूल करेली बड़ी में शिक्षा सत्र 2025-26 के सफल संचालन के लिए चाइल्ड पंचायत कमेटी का गठन किया गया। प्रपा शिक्षक और छात्रों के सहयोग से विद्यालय का संचालन बेहतर होता है। इसी उद्देश्य को लेकर चाइल्ड पंचायत कमेटी में विभिन्न पदों पर छात्र-छात्राओं को मनोनीत किया गया। छात्र संघ का गठन करने में प्रपा चूड़ामणि साहू एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

प्रेसिडेंट पद पर कक्षा 8 वीं के छात्र मनीष ध्रुव, वाइस प्रेसिडेंट 8वीं छात्रा काव्यांजलि साहू को नियुक्त किया गया। झरना निषाद प्रेयर इंचार्ज, मधुरकला जान्हवी पर्यावरण इंचार्ज, जयंत साहू योगा इंचार्ज, समीर साहू लॉस एंड फंड इंचार्ज, हंसिका और गायत्री यादव अनुशासन इंचार्ज, नीरज साहू और टिकेंद्र साहू गार्डिनिंग इंचार्ज बनाए गए। प्रधानपाठक चूड़ामणि साहू ने सभी पदाधिकारियों को पद की गरिमा और गोपनीयता बनाए रखने की शपथ दिलाई। मौके पर गोदावरी साहू, कांति निषाद, उत्तम साहू, भूपेंद्र साहू ओंकार साहू, मनोज साहू, जागेंद्र साहू, भाग्यश्री साहू, गीतेश्वरी साहू आदि उपस्थित थे।

## कोलियारी के शिवभक्त श्रृंगी ऋषि दर्शन के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

पवित्र सावन माह में शिवभक्त कांवर यात्रा निकालते हैं। विभिन्न शिव मंदिर में जल चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना कर मनोकामना करते हैं। ग्राम कोलियारी के शिवभक्त भी श्रृंगी ऋषि के दर्शन के लिए सिहावा रवाना हुए, जिन्हें ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष डॉ राजू साहू ने मेडिकल किट एवं श्रीफल भेंट किया।

कोलियारी के शिवभक्त सिरपुर, कुलेश्वर, भूतेश्वर महादेव गरियाबंद सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न शिव मंदिर पहुंचते हैं और गांव वापसी पर भव्य स्वागत के साथ गांव के प्राचीन स्वयंभू शिवलिंग में जल चढ़ाकर यात्रा को विराम देते हैं। इस यात्रा में गुहाराम, रामेश्वर, गुलाब, नरेंद्र, राकेश, सूर्या, पप्पू, दीपांशु, भूपेश, रतन, शिव, डोमन, गिरधर, केशव, द्रोण, युगल सहित 100 कावरियों ने प्रस्थान किया जिन्हें दुखूराम, मोहन, रूपलाल सेन, देवेंद्र, सोमप्रकाश ने गुलाल लगाकर बोलबम के जयघोष के साथ विदा किया।

# ननि में छग का पारंपरिक पर्व हरेली धूमधाम से मनाया गया

- महापौर रामू रोहरा ने आयुक्त व निगम कर्मचारियों संग की पूजा-अर्चना, छत्तीसगढ़ी संस्कृति का दिखा अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और कृषि परंपरा से जुड़ा प्रमुख पर्व हरेली नगर निगम में पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर निगम परिसर में महापौर रामू रोहरा के नेतृत्व में पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें निगम के अधिकारी-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

महापौर श्री रोहरा ने हरेली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की आत्मा से जुड़ा त्योहार है, यह केवल पूजा नहीं बल्कि प्रकृति, श्रम और संस्कृति के प्रति श्रद्धा का पर्व है। ऐसे आयोजनों से हमारी पीढ़ी छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं से जुड़ती है।

पूजन कार्यक्रम में आयुक्त श्रीमती प्रिया गोयल, जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर और निगम के कर्मचारी मंगलू निर्मलकर, रघुवीर सिंह ठाकुर, त्रिभुवन देवांगन, गोपीराम, लीला राम यादव, वोहित यादव, परशु यादव, अशोक यादव, ओमप्रकाश साहू, पुनरद साहू, टेमनलाल यादव, शिव साहू, बबलू निर्मलकर, निरंजन साहू, पारसमणि साहू, देवलाल साहू, महादेव तुरछा, गोपाल यादव, लोकेश निर्मलकर, महेंद्र यादव, रवि पटेल, सुदीप पवारिया, तुषार निर्मलकर, रोशन जांगड़े, तीजूराम निषाद, चतुर साहू, प्रहलाद, रघुवीर ठाकुर, रामनारायण, योगेश, संदीप सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पारंपरिक विधि-विधान से हल, कुदाल, गैंती, कुल्हाड़ी, पाइप, चेन-सॉ, मोटर पंप आदि उपकरणों की पूजा की गई। पूरे परिसर में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा देखते ही बन रही थी। कर्मचारीगण एवं अधिकारी सभी शामिल हुए और सांस्कृतिक एकता का परिचय दिया।

## सलोनी में आज बीडीएस पेट्रोल पंप का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुकरेल(धमतरी)

उपतहसील कुकरेल के समीपवर्ती ग्राम सलोनी में आज प्रातः 10 बजे पेट्रोल पंप का उद्घाटन होगा। इससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि यह पेट्रोल पंप मथुराडीह से मोहंदी पहुंच मार्ग में सलोनी और छुही ग्राम के मध्य स्थित है। इस पेट्रोल पंप से ग्राम सलोनी, छुही, साल्हेभाट, झाझरकेरा, भालूचुआ, झुरातराई, बासीखाई, कोटरवाही, छलनी, पारधी, बोरसी, भोथा, लड़ेर, पहंदा, सोनेवारा, सरगी, दरगहन, देवपुर, कंडेल, भंवरमरा, लीलर, अरौद सहित वनांचल के हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की



तैयारी में बीडीएस परिवार से पंप मालिक भगवानदीन साहू, श्रीमती यशोदा साहू, वरुणदेव साहू, श्रीमती रुक्मणि साहू, रोशन साहू, श्रीमती प्रीति साहू, तोषण साहू, प्रियंका साहू, गुलशन साहू, ओजस साहू, ओनल साहू जुटे हैं। उन्होंने शुभचिंतकों से उपस्थिति की अपील की है। यह जानकारी भगवानदीन साहू ने दी।

## पूर्व सीएम बघेल के निवास में आयोजित हरेली तिहार में शामिल हुए विधायक ओंकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ की समृद्ध कृषि संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक हरेली तिहार इस बार भी पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में पारंपरिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक ओंकार साहू भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ओंकार साहू ने कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले परंपरागत औजारों जैसे हल, गैंती, कुदाल, गेड़ी, फावड़ा आदि की पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों को हरेली तिहार की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हरेली तिहार हमारी संस्कृति, प्रकृति और मेहनतकश किसानों के प्रति सम्मान प्रकट करने का पर्व है। इस त्योहार से हमें अपनी जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की आत्मा उसकी कृषि संस्कृति में बसती है और हरेली तिहार उसका प्रतीक है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ी लोकगीतों, पारंपरिक व्यंजनों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# शासन किसानों को तत्काल खाद उपलब्ध कराएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने शासन-प्रशासन से किसानों को तत्काल डीएपी, यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसान यूनियन ने कहा कि जिले की अधिकांश सोसाइटियों में एवं किसान राइस मिल में खाद उपलब्ध नहीं है। 1200 रुपए की डीपी को 1900 रुपए में और 272 रुपये की यूरिया को 450 रूपए में खरीदने पर मजबूर है। उन्होंने जैविक खेती करने वाले किसानों को प्रति एकड़ 10000 रुपए अनुदान देने की मांग की। बेतहाशा बिजली बिल पर रोक लगाने की मांग की। विधानसभा में लाए गए कृषि उपज मंडी के संशोधन बिल को तत्काल किसान हित में वापस लेने की मांग की। शराब के विक्रय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की।

### संकल्प सेवा संस्था ने किया शिक्षक का सम्मान

**मगरलोड।** हेण्डीकेप वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित संकल्प सेवा संस्था नवागांव (बुड़ेनी) ने उपनिरीक्षक अजय सिंह के हाथों शिक्षक भूषणलाल जगनायक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिक्षक दिव्यांग बच्चों को नियमित शाम 5 से 6 संगीत की शिक्षा दे रहे हैं। उनकी कर्मठता व उनकी अध्यापन शैली से प्रभावित होकर संस्था ने प्रसन्नता व्यक्त की। दिव्य ज्योति संगीत साधना के नाम पर चल रही संगीत कक्षा में शिक्षक की अध्यापन शैली से बच्चे प्रभावित हैं। नेत्रहीन बच्चे की तबले की थाप व हार्मोनियम के सुर से प्रसन्न होकर उपनिरीक्षक ने शिक्षक की कर्मठता की प्रसंशा की व दिव्य ज्योति संगीत साधना को पांच हजार रुपये नगद भेंट किया। ज्ञात हो कि संकल्प सेवा संस्था हेण्डीकेप वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित संस्था है।

## आकृति प्ले स्कूल में नवप्रवेशित छात्रों का हुआ विद्यारंभ संस्कार



- विद्यारंभ संस्कार से अच्छे संस्कार और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



आकृति प्ले स्कूल में नवप्रवेशित छात्रों का विद्यारंभ संस्कार कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 बच्चों एवं पालकों ने भाग लिया। संस्था प्रमुख ने विद्या की देवी मां सरस्वती एवं मां गायत्री की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात पंडितजी ने मंत्र उच्चारण के साथ बच्चों का तिलक व हाथों में कलावा बांधा। बच्चों की पाठ्य सामग्री की पूजा के बाद पालकों के सहयोग से ओम और स्वास्तिक का चिन्ह बनाया गया जो अच्छे संस्कार की शुरुआत होती है। बच्चों द्वारा गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए हवन भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर भूपेश चौधरी ने बताया कि स्कूल में यह संस्कार पूजा नवप्रवेशित बच्चों के लिए प्रत्येक वर्ष की जाती है। इससे बच्चों में श्रेष्ठ संस्कार जागृत होता है। यह संस्कार बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में पहला कदम रखने के लिए प्रेरित करता है जिससे वे ज्ञान और विद्या प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। विद्यारंभ संस्कार के माध्यम से बच्चों में अच्छे संस्कार, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। इस दौरान स्कूल की प्राचार्य समेत शिक्षिकाएं मौजूद थीं।

## जीवन का जो समय बीत गया वह वापस नहीं आने वाला : प्रशम सागर

- चातुर्मास पर पार्श्वनाथ जिनालय में जैन मुनियों का प्रवचन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में चातुर्मास पर जैन मुनियों का प्रवचन सुनने समाजजनों की भीड़ उमड़ रही है। प्रशम सागर मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि यह संसार पाप की नगरी है इसलिए इस झूठे संसार से नाता तोड़ना है और प्रभु से नाता जोड़ना है । चार दिन की जिंदगी है। इसे पुण्य कार्यों में विनियोग करना है। प्रभु का ध्यान करने से जीवन उज्ज्वल हो सकता है। यह संसार एक झूठा खेल है जिसे हम अपना समझते हैं। यह नश्वर काया है। इसे छोड़कर एक दिन सभी को जाना है। जीवन का जो समय बीत गया वो भी वापस नहीं आने वाला। इसलिए तू अब सचेत हो जा। संसार के मोह से निकलकर आत्मा के विकास के मार्ग को चुन लें। ये संसार मोह से भरा हुआ है। यह मोह हमें आत्मा के बारे में सोचने का अवसर नहीं देता।

परमात्मा कहते हैं कि मुक्ति का मार्ग स्वतंत्रता में निहित है। जिस दिन हम कर्म के बंधनों से स्वतंत्र हो जाएंगे, उस दिन हमारी भी आत्मा स्वतंत्र अर्थात सिद्ध बुद्ध हो जाएगी। बंधन का कारण भय संज्ञा है। भय के कारण ही एक के बाद एक बंधनों में बंधते जाते हैं। पूरे जीवन भर जीव क्रोध, मान, माया और लोभ कषाय के बंधन में बंधे रहता है। इसलिए आत्मा मुक्त नहीं हो पाती है। हमें जीवन में बंधन को पहचानने का पुरुषार्थ करना है ताकि उससे मुक्त होने का प्रयास कर सके। कर्म भाव प्रधान है। जीवन में गुणी जनों से मिलाप होने पर उनके गुणों से प्रभावित होकर आत्मविकास का मार्ग खोजना चाहिए। जीवन में सहनशील व्यक्ति ही सुखी हो सकता है। सहनशीलता का गुण कर्म बंधन को भी रोकता है। जिनशासन हमें क्षमा नहीं बल्कि उत्तम क्षमा का ज्ञान देता है।

### कृषि विज्ञान केंद्र में औजारों की हुई पूजा

**धमतरी।** कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी में हरेली त्योहार का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ शक्ति वर्मा, मनीषा खापर्डे मत्स्यिकी वैज्ञानिक, डॉ दीपिका चंद्रवंशी, उद्यानिकी वैज्ञानिक आशीष बंजारे प्रक्षेत्र प्रबंधक कुमारी रितिका ठाकुर ने औजारों की पूजा की तथा जिले के कृषकों के अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ खेती में विपुल उत्पादन की कामना की।

### कोड़ेबोड़ सोसाइटी में फलदार, छायादार पौधे रोपे

**सिर्री।** कोड़ेबोड़ सोसाइटी में एक पेड़ मां के नाम योजनांतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु फलदार, छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्राधिकृत अधिकारी बुधारूराम साहू, पूर्व अध्यक्ष कमलनारायण साहू सहित कृषक वासुदेव चन्द्राकर, लतखोर साहू, सरपंच कोड़ेबोड़ लोकेश साहू, सचिव देवनारायण साहू, मरौद उपसरपंच गोकुल निर्मलकर, समिति प्रबंधक रोहित साहू, लेखापाल कमल सिन्हा, लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर महेन्द्र पटेल के अलावा अन्य किसान शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2025
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
28 एवं 29 जुलाई 2025
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हटकेशर में काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान त्र्यबंकेश्वर ज्योतिर्लिंग के विद्वान पंडितों के सान्निध्य में किया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रूपए
पं. शिवाप्रसाद चतुर्वेदी 97633-98719
9993157703, 9589261876

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज